सार-समाचार

नववर्ष मिलन समारोह सम्पन्न

कोटा, (निसं)। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन 'कोटा राजस्थान रीजन' द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह एवं वार्षिक स्नेह मिलन समारोह रामशंताएभ सभागार, स्वामी विवेकानंद विद्यालय, महावीर नगर तृतीय, कोटा में आयोजित किया गया। समारोह में रीजन के 16 से अधिक सोशल ग्रुपों के पदाधिकारी एवं सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे। राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा पदाधिकारियों को सेवा एवं दायित्व की शपथ दिलाई गई, साथ ही नए सदस्यों को भी फेडरेशन के सेवा मूल्यों से जोड़ते हुए शपथ ग्रहण कराया गया। स्वागत भाषण में फेडरेशन कोटा रीजन के अध्यक्ष अनिल ठोरा ने बताया कि कोटा संभाग विगत 30 वर्षों से सेवा, संस्कार एवं संगठनात्मक गतिविधियों के माध्यम से देशभर में सक्रिय भूमिका निभा रहा हैं। उन्होंने बताया कि फेडरेशन शीघ्र ही कोटा की जनता के लिए 'मोक्षरथ' की व्यवस्था करेगा, जिससे शव को अंतिम संस्कार हेतु मुक्तिधाम तक पहुंचाया जा सकेगा। इसके साथ ही निजी व सरकारी अस्पतालों से ग्रामीण ढाणियों तक शव वाहन सेवा भी प्रारंभ की जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में एम्बुलेंस व्यय का अतिरिक्त बोझ न पड़े। इस अवसर पर छह सोशल ग्रुपों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को राष्ट्रीय महामंत्री विनय जैन (जबलपुर) एवं राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेन्द्र पाण्डेय (जयपुर) द्वारा शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी ने कहा कि फेडरेशन सेवा, संस्कार और संस्कृति के मूल्यों पर आधारित संस्था है तथा कोटा रीजन सदैव नवाचार, समर्पण और नेतृत्व के लिए जाना जाता रहा है।

शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

छीपाबड़ौद । भारत विकास परिषद शाखा का भामाशाह सम्मान समारोह अठावाल धर्मशाला शीतल बगीची में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं परिषद के पथ-प्रदर्शक स्वामी विवेकानंद जी के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रताप सिंह सिंघवी, अध्यक्षता प्रांतीय महासचिव हिमांशु चतुर्वेदी ,विशिष्ट अतिथि प्रांतीय संयोजक महेन्द्र सिंगवाल(संस्कार), प्रधान नरेश मीणा , प्रांतीय संयोजक महेन्द्र नागर(सम्पर्क),जिला समन्वयक धीरज बाठला,पूर्व सरपंच गजेन्द्र जैन मंडल अध्यक्ष हितेश वैष्णव , महिला संयोजिका नीलिमा गोयल, सचिव विकास सोनी मंचासीन रहे। अतिथियों का कोषाध्यक्ष दीपक गोयल,चिकित्सा प्रभारी अखिलेश गर्ग,नेत्र शिविर प्रभारी नरेन्द्र बाठला, लक्ष्मीकांत गौत्तम,गिरिराज बंसल, दीपक जैन,कौशल गोयल, आशीष बिंदल ने अक्षत तिलक एवं अपर्णा पहना कर स्वागत सम्मान किया। मुख्य अतिथि सिंघवी ने परिषद् द्वारा संचालित मुक्तिधाम एवं परिषद के सहयोग का आश्वासन दिया।प्रांतीय महासचिव हिमांशु चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि छीपाबड़ौद शाखा द्वारा नि:शुल्क लेन्स प्रत्यारोपण एवं रक्तदान के क्षेत्र में छीपाबड़ौद शाखा का राष्ट्रीय स्तर पर अलग ही पहचान है सिंगवाल ने परिषद की नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की कार्य योजना संपर्क,सहयोग संस्कार ,सेवा और समर्पण के माध्यम से क्रियान्वित की जाती है बताया ।कार्यक्रम में रक्तदान शिविर, नि:शुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर एवं अन्य सेवा कार्यों के भामाशाहो का अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं अपर्णा पहना कर सम्मान किया। आदर्श विद्या मंदिर केलखेडी विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया प्रांतीय महासचिव द्वारा 7 नये सदस्यों परिषद की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए पत्रकारों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने वाली छात्राओं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक नागर द्वारा किया गया

प्राकट्यय महोत्सव धूमधाम से मनाया

अंता । कृष्णा मैरिज गार्डन, रावणजी का चौक अंता में स्वामी विष्णुदास महाराज के नेतृत्व में श्री जगतगुरु रामानंदाचार्य महाराज का 726वां प्राकट्यय महोत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत समिति अंता के प्रधान प्रखर कौशल रहे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ललित वैष्णव ने की। मुख्य अतिथि प्रखर कौशल ने कहा कि वैष्णव समाज सदैव सनातन धर्म का रक्षक रहा है। रामानंदाचार्य महाराज ने विदेशी आक्रांताओं से संघर्ष कर सनातन धर्म की रक्षा की और समाज को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। अध्यक्ष ललित वैष्णव ने समाज में शिक्षा के प्रसार और कुरीतियों को समाप्त करने पर जोर दिया तथा 11 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष भुवनेश शर्मा, पूर्व संभागीय अध्यक्ष रामबाबू वैष्णव, महंत ओमप्रकाश वैष्णव सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। त्रिलोक वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम में अंता तहसील सहित आसपास क्षेत्रों से सैकड़ों समाजबंधुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मूलचंद वैष्णव ने किया। अंत में प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ

अभिभाषक कार्यकारिणी ने शपथ ली

छीपाबडौद। अभिभाषक परिषद का नवीन वर्ष 2026 की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को न्यायालय परिसर छीपाबड़ौद में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छाबड़ा छीपाबडौद विधायक प्रताप सिंह सिंघवी रहे ,कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश साक्षी चौधरी ने की, विशेष अतिथि अभिमन्यु सिंह कुंतल उपखंड अधिकारी तहसीलदार सुरेंद्र सिंह गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम कचनारिया रहै।महासचिव कुंज बिहारी नागर ने बताया की मंच आसीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, परिषद की ओर से राजकुमार वैष्णव, पटवर्धन सिंह ,पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद खान, जगदीश सिंह, दीनदयाल कुशवाह, चैन सिंह मीणा द्वारा मंचासीन अतिथियों का तिलक, अक्षत लगाकर, माला पहनाकर साफा बंदी कर स्वागत सम्मान किया। एडवोकेट पटवर्धन सिंह द्वारा शब्दों से स्वागत किया और एडीजे कोर्ट की मांग उठाई। मंचासीन अतिथियों द्वारा ललित कुमार शर्मा को अध्यक्ष पद की कीर्तिराम लोधा उपाध्यक्ष ,कुंज बिहारी नागर महासचिव, महावीर प्रसाद रेगर कोषाध्यक्ष, महेंद्र गुर्जर पुस्तकालय अध्यक्ष पद के प्रमाण पत्र देकर शपथ दिलाई।विधायक सिंघवी ने अपने उद्बोधन में परिषद को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया, मंच संचालन कुंज बिहारी नागर एडवोकेट द्वारा किया गया। अध्यक्ष ललित कुमार शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की, कार्यक्रम में जितेंद्र कुशवाहा, अशोक पारीक, मूलचंद सुमन ,कमल कुशवाहा ,चंद्रशेखर पंचोली, देवेंद्र यदुवंशी ,बृजराज लोढ़ा ,मेघराज मीना, निखिल गौतम सहित अन्य अधिवक्ता गण ,मुंशी गण, कर्मचारी गण, स्टाम्प वेंडर, टाइपिस्ट उपस्थित रहे।

होमिल ने नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में क्वालीफाई किया

कोटा, (निसं)। कोटा के युवा शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें खेल भी महत्वपूर्ण है। हाल ही में दिल्ली के डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में संपन्न हुई नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में कोटा के युवा होमिल शर्मा ने क्वालीफाई किया है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय एवं नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 11 दिसंबर से 4 जनवरी के बीच यह प्रतियोगिता पिस्टल कैटेगरी में हुई। इसमें बेहतर प्रदर्शन करते हुए होमिल शर्मा ने क्वालीफाई किया। इससे पूर्व ओहियो स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर्स द्वारा फिट कोटा-फिट हिंट कोटा अभियान के तहत खेल महोत्सव अब खेलेगा कोटा के तहत आरके पुरम स्थित दिशा डेल्फी पब्लिक स्कूल में शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान हुई विभिन्न स्पर्धाओं में से 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में होमिल शर्मा प्रथम स्थान रहे थे। एलन में फैकल्टी पिता डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया कि नियमित अभ्यास व कोटा में मिल रही सुविधाओं के चलते यह संभव हो रहा है। अब कोटा में भी शूटिंग रेंज शुरू होने से बच्चों का उत्साहवर्धन हो रहा है।

यात्रियों को बाल संरक्षण हेल्पलाईन की जानकारी दी गई

कोटा, (निसं)। बाल तस्करी एवं बाल श्रम की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत न्यू कोटा रेलवे स्टेशन (डकनिया) पर रेल सुरक्षा बल के स्टॉफ तथा बीबीए टीम द्वारा संयुक्त रूप से रेड एंड रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेनों की सघन जांच की गई तथा स्टेशन परिसर में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों को बाल तस्करी और बाल श्रम की पहचान, रोकथाम एवं इसकी सूचना देने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को सतर्क करना और समाज की सहभागिता से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।

स्वामी विवेकानन्द के संदेश आज भी जीवन में उपयोगी : राज्यपाल

■ गरीब के कल्याण के लिए कार्य करना ही ईश्वर की सच्ची सेवा- राज्यपाल

कोटा, (निसं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर हमें उनसे प्रेरणा लेते हुए उनके द्वारा दिए गए संदेशों को जीवन में आत्मसात् करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द के उपदेश आज भी हमारे जीवन में काफी उपयोगी हैं। स्वामी विवेकानन्द ने व्यक्ति को दृढ़ संकल्प कर निडरता से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि निडर होकर लक्ष्य के प्रति समर्पित भाव से आगे बढ़े तो जीवन में सफलता हासिल होती है।

राज्यपाल बागडे सोमवार को शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल सभागार में स्वामी विवेकानन्द की 163वीं जयंती पर भारत विकास परिषद कोटा महानगर की ओर से आयोजित सेवा संगम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द युवाओं को कहते थे कि आत्मविश्वास के साथ जीवन में कोई भी लक्ष्य पूरा किया जा सकता है। उन्होंने मानव सेवा का संदेश दिया और कहा कि गरीब और कमजोर लोगों के कल्याण के लिए कार्य करना ही ईश्वर की सबसे अच्छी सेवा है। उन्होंने कहा था कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य सिर्फ जानकारी प्राप्त करना नहीं बल्कि चरित्र निर्माण के साथ साहस, करुणा एवं एकाग्रता का भाव विकसित करना है। बागड़े ने कहा कि जीवन में सकारात्मक विचार रखना आवश्यक है क्योंकि विचार ही भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि हमारी वाणी इतनी सकारात्मक हो कि उससे किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचे। उन्होंने विश्व-बंधुत्व का भी संदेश दिया। 1893 में शिकागो में सर्वधर्म परिषद में दिए गए ऐतिहासिक भाषण में उन्होंने भारत देश के वैभव, संस्कृति, आध्यात्म एवं यहां की गौरवशाली परम्पराओं को विश्व के सम्मुख प्रस्तुत किया। स्वामी विवेकानंद ने कहा कि मैं एक ऐसे धर्म से हूं जिसमें विश्व को सार्वभौमिक सहनशीलता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने मानव मात्र के बीच दुर्भावना को समाप्त करने का भी संदेश शिकागो से दिया। राज्यपाल ने कहा कि भारत देश यहां के लोगों की बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमता के दम पर विश्व में नंबर एक बनेगा। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि देश की प्रतिष्ठा विश्व में स्थापित करना हम सभी का लक्ष्य हो और जब तक या लक्ष्य हासिल नहीं हो हम सभी को निरंतर आगे बढ़ते रहना होगा। बागडे ने इस अवसर पर सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली कोटा की 31 संस्थाओं को सम्मानित किया। इसमें गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी आगमगढ़ साहिब, मानव सेवा समिति, श्रीराम मंदिर प्रबंध समिति, श्री प्रचंड बालाजी गौशाला समिति, गीता सत्संग आश्रम समिति, महावीर इंटरनेशनल, मानव कल्याण समिति, सेवा भारती संस्था, आरोग्य भारती, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, आई बैंक सोसायटी सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों को दुपट्टा औढ़ाकर प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए।

कार्यक्रम में जिला कलक्टर पीयूष समारिया, पुलिस अधीक्षक शहर तेजस्विनी गौतम, कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.बीपी सारस्वत, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बीएल वर्मा, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. निमित्त चौधरी, भारत विकास परिषद के रविप्रकाश विजय, किशन पाठक, अरविन्द गोयल, हिमांशु चतुर्वेदी, मनोज जैन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

पतंगबाजी के दौरान विद्युत सुरक्षा के पालन की अपील

कोटा, (निसं)। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर पतंगबाजी एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के दौरान विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कोटा की ओर से आमजन से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है। अधीक्षण अभियंता (कोटा) द्वारा जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि पतंग उड़ाते समय विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों एवं विद्युत उपकरणों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा किसी भी स्थिति में बिजली के तारों के संपर्क में आए पतंग या मांझे को निकालने का प्रयास न करें। एडवाइजरी में स्पष्ट किया गया है कि घरों की छतों अथवा खुले स्थानों पर पतंगबाजी करते समय धातु के तार, गीले बांस या लोहे की छड़ों का उपयोग न करें और न ही कटे हुए तारों, खुले केबल या लटकती लाइनों के पास जाएं। यदि कहीं विद्युत लाइन टूटने, चिंगारी निकलने या किसी प्रकार की असामान्य स्थिति दिखाई दे तो तुरंत क्षेत्र से दूर हटकर विद्युत विभाग को सूचित करें। आमजन से यह भी आग्रह किया गया है कि पतंगबाजी के दौरान बच्चों पर विशेष निगरानी रखें । विद्युत विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी विद्युत आपात स्थिति में टोल फ्री नंबर 1800-180-6507/0141-2203000 है।

8500 दवा केंद्रों में स्टाफ संकट, फार्मासिस्ट संघ का उर्जा मंत्री नागर को ज्ञापन

कोटा, (निसं)। राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ (एकीकृत), जिला कोटा शाखा द्वारा ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को नि:शुल्क दवा योजना के सुचारू संचालन एवं आमजन की सुविधाएं बढ़ाने के उद्देश्य से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष डॉ. महावीर प्रसाद खींची, राजीव वर्मा, लोकेश चतुर्वेदी, मुरारीलाल नागर, विनोद सोन, बृजेश नागर एवं पंकज नागर उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष डॉ. महावीर प्रसाद खींची ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर में विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेटेलाइट चिकित्सालय, उपजिला चिकित्सालय एवं सीएमएचओ कार्यालयों के माध्यम से लगभग 4000 सब-स्टोर एवं 4500 दवा वितरण केंद्र, कुल लगभग 8500 केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से करीब 4000 दवा वितरण केंद्र एवं सब-स्टोर वर्तमान में फार्मासिस्ट के बिना संचालित हो रहे हैं। फार्मासिस्ट की अनुपलब्धता के कारण रोगियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पतालों में रोगी भार अधिक होने से मरीजों को लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है और आमजन का अधिकांश समय अस्पतालों की लाइनों में ही व्यतीत हो जाता है।

उन्होंने बताया कि ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 तथा फार्मेसी एक्ट 1948 के अंतर्गत बिना फार्मासिस्ट के दवाओं का वितरण एवं भंडारण करना गैर-कानूनी है। फार्मासिस्ट संवर्ग में भारी कमी के कारण प्रदेश के अनेक संस्थानों में लगभग 4000 दवा वितरण केंद्र या तो बंद हैं अथवा बिना फार्मासिस्ट के संचालित हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा दवा वितरण केंद्र स्वीकृत किए गए हैं, किंतु बढ़ते रोगी भार के अनुपात में, विशेषकर शहरी क्षेत्रों में, फार्मासिस्टों के स्वीकृत पदों में आवश्यक वृद्धि नहीं की गई है, जिससे मरीजों को योजना का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है। संघ ने मांग की कि आगामी बजट में दवा वितरण केंद्रों पर फार्मासिस्ट के नवीन पद सृजित किए जाएं तथा लंबित फार्मासिस्ट भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए। इसके अतिरिक्त प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवा वितरण केंद्र एवं औषधि भंडार (सब-स्टोर) के समुचित प्रबंधन हेतु एक अतिरिक्त फार्मासिस्ट की नियुक्ति की भी मांग की गई, जिससे दवा भंडारण, रिकॉर्ड संधारण एवं जीवनरक्षक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम RAJENDAR SINGH RATHORE से बदलकर नया नाम RAJENDRA SINGH RATHORE रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता- राजेन्द्र सिंह राठौड़ पुत्र राधेश्याम सिंह राठौड, मकान नं. जे-22 जवाहर नगर कोटा

खोया पाया

मेरे मकान नं. 3-जे-45 दादाबाड़ी विस्तार कोटा के मूल दस्तावेजों में निरस्तीकरण पत्र कही गुम हो गया जिस किसी को मिले सूचित करे।
रजनी लालवानी पत्नी प्रेम कुमार लालवानी, मो. 8107972038

प्रेम भाटिया अध्यक्ष व चंद्र प्रकाश सौखियां महामंत्री बने

श्रीराम नगर फार्म हाऊस विकास समिति के अध्यक्ष बने प्रेम भाटिया का अभिनन्दन किया गया।

कोटा, (निसं)। श्रीराम नगर फार्म हाऊस के सदस्यों की मीटिंग होटल कान्हा पैलेस में आयोजित की गई उक्त मीटिंग में सर्वसम्मति से श्रीराम नगर फार्म हाऊस विकास समिति का गङ्गन किया गया। इसके अंतर्गत अध्यक्ष प्रेम भाटिया, महामंत्री चंद्र प्रकाश सौखिया, उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार न्याती, रवीश चंद गुप्ता व कोषाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल को चुना गया इसी क्रम में सभी पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्ष प्रेम भाटिया का स्वागत सम्मान करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की गई एवं श्रीरामनगर फार्म हाऊस योजना में सड़के बनवाने, बिजली कनेक्शन की लाईन डलवाने, अवैध खनन को रुकवाने, डीएलसी दरें लागू करवाने के संबंध में आयुक्त, कोटा विकास प्राधिकरण को मांग पत्र दिया।

एनटीपीसी अंता में विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

अंता, (निसं)। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 जनवरी सोमवार को एनटीपीसी अंता के चिकित्सालय में विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ परियोजना प्रमुख अनिल बवेजा द्वारा किया गया। यह शिविर विशाल नेत्र चिकित्सालय, कोटा एवं जिला अंधता निवारण समिति, बारां के सहयोग से आयोजित किया गया। यह शिविर एनटीपीसी के नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व नीति के अंतर्गत आस-पास के ग्रामीणों के लिए आयोजित किया गया हैं। इस विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर में 518 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया इनमें से 204 मरीजों को नेत्र विशेषज्ञों द्वारा जांच के पश्चात ऑपरेशन के लिए चुना गया। मोतिया बिन्द का ऑपरेशन आई.ओ.एल./फाको विधि से अत्याधुनिक लैंस प्रत्यारोपण विशाल नेत्र चिकित्सालय, कोटा द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर परियोजना के अपर महाप्रबन्धक ईएमडी संदीप कुमार सिंह चंदेल, अपर महाप्रबन्धक मानव संसाधन दिलेर सिंह कुहाड़, अपर महाप्रबन्धक प्रचालन अनिर्वाण खानरा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अम्बुज कुमार, सहायक कमाण्डेंट, केओसुब सुभाष चन्द्र, प्रेरणा महिला मण्डल की पदाधिकारीगण एवं सदस्याओं के साथ समस्त विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। एनटीपीसी अंता चिकित्सालय एवं नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व नीति अनुभाग द्वारा पिछले एक सप्ताह से गांव-गांव जाकर इस विशाल शिविर का प्रचार-प्रसार किया गया।

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक : 794 -: नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत् आम सूचना :- दिनांक : 09.01.2026

कोटा विकास प्राधिकरण की सकतपुरा कुन्हाड़ी योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 302 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 04.08.2016 को श्री रमेश तलाईचा व श्री महेश तलाईचा व श्री सुरेश तलाईचा एवं श्री महेश तलाईचा पुत्र श्री राजमल तलाईचा को संयुक्त नाम से किया गया था। संयुक्त आवंटियों में से श्री रमेश तलाईचा की मृत्यु दिनांक 26.10.2022 को हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त आवंटी के विधिक वारिसान पत्नी श्रीमती गीता देवी तलाईचा द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में मृत्यु प्रमाण पत्र, आई.डी., शपथ पत्र, लीजडीड इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/आवास अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण से चाही जा रही है। अत: प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 302 योजना सकतपुरा कुन्हाड़ी योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती गीता देवी तलाईचा पत्नी स्व. श्री रमेश तलाईचा व श्री महेश तलाईचा व श्री सुरेश तलाईचा एवं श्री महेश तलाईचा पुत्र श्री राजमल तलाईचा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

जर्जर विद्यालयों के लिए स्वीकृत राशि नहीं पहुँची

■ यूथ कांग्रेस एवं एन एस यू आई ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

कोटा, (निसं)। यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता स्वप्निल शर्मा एवं एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री राजस्थान के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन का विषय जर्जर विद्यालयों के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 100 करोड़ रुपये की राशि विद्यालयों तक नहीं पहुँचने तथा 278 विद्यालयों को जमींदोज किए जाने से विद्यार्थियों की शिक्षा बुरी तरह प्रभावित होने के संबंध में था। ज्ञापन में बताया गया कि सरकार ने जर्जर स्कूल भवनों के पुनर्निर्माण व मरम्मत के लिए 100 करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे, लेकिन यह राशि जमीनी स्तर तक नहीं पहुँच पाई। परिणामस्वरूप कई विद्यालयों को तोड़ दिया गया, पर नए भवनों का निर्माण समय पर नहीं हो सका। इससे सैकड़ों विद्यार्थियों को कई किलोमीटर दूर अन्य विद्यालयों में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता स्वप्निल शर्मा ने कहा कि शिक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर सरकार की लापरवाही बेहद चिंताजनक है। बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए विद्यालयों को जमींदोज करना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। वहीं एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा ने कहा कि यदि शीघ्र ही स्वीकृत राशि विद्यालयों तक पहुँचाकर निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो संगठन को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री से मांग की कि जर्जर विद्यालयों के लिए स्वीकृत 100 करोड़ रुपये की राशि तुरंत जारी की जाए, जिन 278 विद्यालयों को गिराया गया है, वहां शीघ्र नए भवनों का निर्माण कराया जाए, तब तक विद्यार्थियों के लिए पास के सुरक्षित विद्यालयों में समुचित वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन सौंपते समय भव्य पोरवाल, मुकुल सिंह सोलंकी, रजत कुमार, देवकी नन्दन नागर, यश राठौर, यश गौतम, केशव मित्तल आदि मौजूद रहे।

स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन

कोटा, (निसं)। प्रगति शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रानपुर, कोटा में राष्ट्रीय युवा दिवस बड़े उत्साह एवं प्रेरणादायी वातावरण के साथ मनाया गया। यह दिवस स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर युवाओं में राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भरता एवं सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के निर्देशानुसार "स्वदेशी संकल्प दौड़" का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ दौड़ में भाग लेकर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, आत्मनिर्भर भारत पर जोर डिया।

कार्यालय नगर निगम, कोटा

क्रमांक-ननिको/भ.नि.अनु./जोन-द्वितीय/2026/3518-19 दिनांक-8.1.26

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गंगा अंजु शर्मा पत्नी श्री जयदेव शर्मा निवासी जगदीश होटल की गली, लाडपुरा कोटा राजस्थान द्वारा आवास /भूखण्ड लाडपुरा कोटा जिसका क्षेत्रफल 1244.84 वर्गफीट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तानान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

आवास/भूखण्ड लाडपुरा कोटा स्थित भूखण्ड का आवंटन कार्यालय नगर निगम कोटा-उत्तर द्वारा पट्टा क्रमांक 3399 दिनांक 14.10.2022 को श्री जयदेव शर्मा पुत्र श्री मोहनलाल जिसका कुल क्षेत्रफल 1244.84 वर्गफीट आवटित किया गया। श्री जयदेव शर्मा पुत्र श्री मोहनलाल की मृत्यु दिनांक 12.10.2025 को हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त उनके विधिक वारिसान द्वारा रजिस्टर्ड हक-त्याग पत्र दिनांक 18.11.2025 को श्रीमती गंगा अजु शर्मा पत्नी श्री जयदेव शर्मा निवासी जगदीश होटल की गली लाडपुरा कोटा के पक्ष में निष्पादित क्रिया गया।

आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवास/भूखण्ड लाडपुरा कोटा द्वारा कुल क्षेत्रफल 1244.84 वर्गफीट का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त आवास/भूखण्ड लाडपुरा कोटा का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ती हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ती लिखित रूप से अधो हस्ताक्षरकर्ता के कार्यलय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा

कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां (राज.)

E Mail ID-npchhabra5@gmail.com Phone No- 07452-222025

क्रमांक :-न0पा0छ0 / SBM/2026 / 6997 दिनांक :- 08.01.2026

सार्वजनिक सूचना

नगरपालिका छबडा जिला बारॉ के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 कार्यवाही आरम्भ हो चुकी है इसी क्रम में स्वायत शासन विभाग जयपुर द्वारा दिनॉक 12.04.2019 को एक अधिसूचना जारी की गई है जिसके अन्तर्गत निम्न उपविधियो के उल्लघन में किये गये कृत्यो के लिए मौके पर निम्नानुसार जुर्माना राशि वसुली जायेगी।

क्र0स0	कृत्य	जुर्माना
1	दुकानदारो द्वारा कचरा रोड/नाली में डालने पर	500 रूपये प्रतिदिन
2	रहवासीय भवनो के निवासियो द्वारा कचरा फैलाने पर	200 रूपये प्रतिदिन
3	दुकानदारो (Vendor/Hawker) को बिना कचरा पात्र पाये जाने पर	500 रूपये प्रतिदिन
4	विवाह स्थलो द्वारा बाहर कचरा फैलाने पर	5000 रूपये प्रतिदिन
5	प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग करते पाये जाने पर	100 रूपये प्रतिदिन
6	खुले में पेशाब (yellow Point) करने पर	150 रूपये प्रतिदिन
7	खुले में शौच करने पर	300 रूपये प्रतिदिन
8	खुले में गोबर डालने पर	5000 रूपये प्रतिदिन
9	कचरा एवं प्लास्टिक कचरा जलाने पर	500 रूपये प्रतिदिन
10	अपने मकानो का गन्दा पानी का निकास आम रास्तो/सडको पर करने पर	5000 रूपये प्रतिदिन
11	अपने मकानो या भवनो का सीवरेज की गन्दगी आम नाली/नाले/सडक में बहाने पर	4000 रूपये प्रतिदिन
12	मुख्य स्थलो/स्थानो पर गुटखा खाकर (Red Point) थ